कोटद्वार,मंगलवार
23 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 261 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# रामलला की अभिजीत मुहूर्त में हुई प्राण प्रतिष्ठा, मोदी, भागवत, योगी बने यजमान



अयोध्या, अयोध्या में रामलला के आगमन का इंतजार खत्म हो गया है। रामलला की अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गर्भ गृह में प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बैठे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चांदी का छत्र लेकर राम मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में राम लला की मूर्ति का अनावरण किया। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की शुरुआत मंगल ध्वनि के बीच हुई।

पांच साल पुरानी रामलला की भव्य पांच फीट ऊंची प्रतिमा का आखिरकार दुनिया के सामने अनावरण किया गया। यह समारोह शंखनाद और हेलीकॉप्टर द्वारा मंदिर पर फूलों की वर्षा के बीच पूरा हुआ।

रामलला की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार योगीराज अरुण ने कहा, मुझे लगता है कि मैं इस धरती पर सबसे भाग्यशाली व्यक्ति हूं। कभी–कभी मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं सपनों की दुनिया में हूं।

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने कहा कि राम मंदिर के लिए देशभर में लोगों ने दिल खोलकर दान दिया है। देश का ऐसा कोई कोना नहीं रहा है जहां से राम के लिए उपहार ना आए हों।

एक बानगी गिनाते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए घंटा कासगंज से आया तो नीचे पडने़ वाली राख रायबरेली के ऊंचाहार से आई है। गिट्टी मध्य प्रदेश के छतरपुर से पहुंची तो ग्रेनाइट तेलांगाना से आया। पत्थर राजस्थान के भरतपुर से पहुंचा तो दरवाजों की लकड़ी महाराष्ट्र से। उस दरवाजे पर पर सोने और डायमंड का काम मुंबई के एक व्यापारी का है।

जिन्होंने बनाया वो मैसूर के हैं। गरुण की मूर्ति राजस्थान के कलाकार ने बनाई है। लकड़ी के काम के कारीगर कन्याकुमारी के हैं और कपड़े और भगवान के वस्त्र दिल्ली के एक युवक मनीष त्रिपाठी ने बनाए। आभूषण लखनऊ से बनवाए गए हैं। इनकी नक्काशी राजस्थान में हुई है। देश का ऐसा कोई कोना नहीं है जहां से राम मंदिर के लिए समर्पण ना आया हो।

## राम मंदिर का सपना पूरा होते ही भावुक हुईं उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा के आंखों में आए आंसू

अयोध्या , अयोध्या में 500 साल का रामभक्तों का इंतजार आज खत्म हो गया।?श्री राम लला की प्राण ?प्रतिष्ठा जैसे ही संपन्न हुई ?सब ओर श्री राम नाम के उद्घोष ?गूंजने लगे।? मंदिर के गर्भगृह में मोदी पहुंचे और उन्होंने प्राण–प्रतिष्ठा पूजा के लिए संकल्प लिया। फिर पूजा शुरू की। पीएम ने ही रामलला की आंख से पट्टी खोली और कमल का फूल लेकर पूजन किया। रामलला पीतांबर से सुशोभित हैं। उन्होंने हाथों में धनुष–बाण धारण किया है। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शुमार रहीं साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती भी भव्य राम मंदिर को अपनी आंखों के सामने देख अपने आंसू नहीं रोक पाई और दोनों नेता गले लगकर खूब रोईं। दोनों की तस्वीरें सामने आईं हैं। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है और रामलला के दिव्य और आलौकिक दर्शन हो गए हैं।

## हमारे प्रभु श्री राम आ गए हैं, अब हमारे रामलला टेंट में नही रहेंगे

### राम मंदिर के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी बोले



अयोध्या,अयोध्या में आज रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभ मुहूर्त में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की।इस अवसर पर देशभर से 7,000 की संख्या में करीब लोग अयोध्या पहुंचे, जिनमें देश के बड़े दिग्गज शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को संबोधित किया।उन्होंने श्री राम की जय के साथ अपने भाषण की शुरुआत की और कहा कि अब रामलला को टेंट में नहीं रहना पड़ेगा।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा, सदियों की प्रतीक्षा के बाद आज हमारे राम आ गए हैं। अब हमारे रामलला टेंट में नहीं, दिव्य मंदिर में रहेंगे। आज जो हुआ है, उसकी अनुभूति देश और दुनिया के कोने–कोने में राम भक्तों को हो रही होगी।उन्होंने कहा, ये ऊर्जा, ये घड़ी और ये माहौल भगवान राम के आशीर्वाद के कारण। 22 जनवरी 2024 एक कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं, बल्कि एक काल चक्रका उद्गम है।

उन्होंने कहा, आज हमें सदियों के उस धैर्य की धरोहर मिली है, आज हमें श्री राम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता के खिलाफ आज उठ खड़ा हुआ राष्ट्र। आज से 1,000 साल बाद भी लोग इस तारीख और पल की चर्चा करेंगे।उन्होंने कहा, ये कितनी बड़ी राम कृपा है कि हम इसे साक्षात देख रहे हैं। साथियों हम सब जानते हैं कि जहां राम का काम होता है, वहां पवनपुत्र हनुमान अवश्य विराम होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं प्रभु राम से क्षमा याचना करता हूं। हमारे त्याग में कुछ तो कमी रही होगी कि हम इतनी सदियों तक ये कार्य कर नहीं पाए। आज वो कमी पूरी हुई। मुझे विश्वास है कि राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे।उन्होंने कहा, मैं आभार व्यक्त करूंगा भारत की न्याय पालिका का, जिसने न्याय की लाज रख ली। न्याय के पर्याय श्री राम का मंदिर भी न्याय के तरीके से ही बना है।

## मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था

### ☐ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



अयोध्या,अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक संबोधन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने के संकल्प लिया था. सीएम ने कहा कि रामलला 500 साल बाद अपने मंदिर विराजे हैं. ऐसा लग रहा है मानों हम त्रेता युग में आ गए हैं. उन्होंने कहा कि इसके लिए बहुसंख्यक समाज ने संघर्ष किया और लड़ाई लड़ी. उन्होंने कहा कि आज हर घर में राम का नाम लिया जा रहा है. राम का जीवन हमें संयम सिखाता है और भारतीय समाज ने भी संयम का परिचय दिया. सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम का भी विकास हो रहा है. एक जमाने में यह सपना था कि अयोध्या में हवाईअड्डा हो जो आज साकार हो रहा है.मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम लला के भव्य, दिव्य और नव्य धाम में विराजने की आप सभी को कोटि–कोटि बधाई. मन भावुक है. निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे. आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है. हर मन में राम नाम है. हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है. हर जुबान राम नाम जप रही है. रोम–रोम में राम रमे हैं.ऐसा लगता है कि हम त्रेतायुग में आ गए हैं.

## मंदिर में प्रवेश नही मिलने के बाद धरने पर बैठे राहुल गांधी



नई दिल्ली,कांग्रेस पार्टी पूर्वोत्तर के राज्यों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है। कुछ जगहों पर कथित तौर पर कांग्रेस नेताओं के ऊपर हमले की भी खबर सामने आई है। वहीं आज भी राहुल गांधी के एक मंदिर में प्रवेश करने को लेकर काफी देर तक हंगामा होता रहा है। मंदिर में नहीं जाने से नाराज कांग्रेस सांसद राहुल गांधी धरने पर बैठ गए हैं। इसके साथ ही राहुल गांधी ने सरकार पर भी कई सारे सवालिया निशान खड़े किए हैं।बता दें कि असम के नगांव जिले में स्थित वैष्णव संत शंकरदेव के जन्मस्थान पर जाने के लिए राहुल गांधी वहां पहुंचे हुए थे। लेकिन उन्हें बाहर ही रोक दिया गया। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि प्राधिकारी उन्हें नगांव स्थित श्री श्री शंकरदेव मंदिर में जाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। राहुल गांधी ने असम के नगांव स्थित मंदिर में जाने से रोके जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्राधिकारियों से पूछा कि क्या अब यह प्रधानमंत्री मोदी तय करेंगे कि मंदिर में कौन जाएगा? हम कोई समस्या पैदा नहीं करना चाहते, केवल मंदिर में पूजा करना चाहते हैं। वहीं मंदिर में जाने से रोके जाने के बाद राहुल गांधी कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ धरने पर बैठ गए। वहीं असम में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के काफिलों पर हो रहे कथित हमलों को लेकर कांग्रेस ने घोषणा की है कि वह इन हमलों के विरोध में सोमवार शाम को देश भर में प्रदर्शन करेगी। रविवार को देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि असम में यात्रा के प्रवेश करने के बाद से भारत में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री अपने गुंडों का इस्तेमाल कर हमारे काफिलों, संपत्ति और नेताओं पर लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा मामला है जिसे हर भारतीय को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फासीवाद और गुंडागर्दी को उजागर करता है।

## आज हम सब प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैंः सीएम धामी



देहरादून। अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टपकेश्वर से वर्चुअल दर्शन कर प्रभु श्रीराम से प्रदेश की सुख–समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने इससे पहले टपकेश्वर मंदिर में सपरिवार पूजा–अर्चना और यज्ञ किया। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मुख्यमंत्री ने टपकेश्वर में भक्तजनों को प्रसाद वितरण भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज हम सब प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं। यह हर्ष– उल्लास और देश को गौरवान्वित करने वाला क्षण है। आज का यह दिन प्रभु श्री राम के न्याय और नैतिकता, सत्यनिष्ठा, साहस, शालीनता और करुणा के भाव को अपने जीवन में लाने के लिए संकल्प लेने का दिन है।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के वार्षिक कैलेंडर सशक्त नेतृत्व, समृद्ध उत्तराखण्ड का विमोचन





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड के वार्षिक कैलेंडर ह्यह्यसशक्त नेतृत्व, समृद्ध उत्तर-खण्डह्लह्ल का विमोचन किया। इस वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों, स्थानीय उत्पादों, प्राकृतिक सौन्दर्य, पौराणिक स्थलों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से राज्य की पर्यटन नीति, सौर ऊर्जा नीति, सशक्त महिला समृद्ध प्रदेश, युवाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं निवेश-रोजगार-समृद्धि के लिए सरकार द्वारा किये गये कार्यों की ओर लोगों के ध्यान आकर्षण के प्रयास किये गये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गये 9 संकल्पों को राज्य स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए कार्यों में तेजी लाई जाए। जल संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं और इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। डिजिटल लेन-देन के लिए लोगों को जागरूक करने एवं स्वच्छता अभियान नियमित रूप से चलाने के भी मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में वोकल फॉर लोकल को तेजी से बढ़ावा दिया जाए। देश में बने उत्पादों के अधिकतम इस्तेमाल करने का भी उन्होंने लोगों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे देश की आर्थिकी तेजी से बढ़ेगी। राज्य में पर्यटन को और तेजी से बढ़ावा देने और प्राकृतिक खेती को और बढ़ावा देने के निरंतर कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया

हरिद्वार। हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के दर्जनों गांव में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया गया। ग्रामीणों ने गांव व मोहल्लों के मंदिरों में रामायण पाठ सम्पन्न कराया। साथ ही शोभायात्रा निकाली। कई जगह भंडारों का आयोजन भी किया गया। पथरी के गांव धनपुरा, शाहपुर, पदार्था, रानीमाजरा, पथरी, पुरुषोत्तमनगर, धारीवाला, अम्बुवाला, झाबरी, बहादरपुर जट, कटारपुर, फेरुपुर, एक्कड़, बादशाहपुर, टिकोला, चांदपुर, इब्राहिमपुर सहित अन्य कई गांव में शोभा यात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। धनपुरा में होली चोक से बाजार होते हुए फेरुपुर तक शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों सहित जन प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कई दिनों से भव्य आयोजनों की तैयारी की जा रही थी। शोभायात्रा को लेकर पुलिस ने भी पुख्ता इंतजाम किए। मंदिरों में सुबह से ही कीर्तन मंडली द्वारा भजन गायन और अखंड रामायण पाठ चलाया गया।

### 251 दीपक जलाकर मनाया रामोत्सव

रुड़की। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर माता मनकामेश्वरी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर में 251 दीपक जलाकर भगवान राम का गुणगान किया गया। आचार्य आर्यदि आदर्श भारद्वाज ने बताया कि सोमवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम हुआ। राम भक्तों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग ही उत्साह है। भक्तों ने मंदिर में 251 दीपक जलाकर इस दिन को दिवाली के रुप में मनाया। मंदिर प्रबंधन से जुड़े नवीन कुमार जैन ने कहा कि आज प्रत्येक भारतवासी में भगवान राम के स्वागत को उत्सुक है। देश मे राममय माहौल बना हुआ है।

### स्कूल से चावल चुरा रहा एक पकड़ा, दूसरा फरार

रुड़की। सोमवार सुबह करीब छह बजे के आसपास दो चोर कबूलपुरी रायघटी के राजकीय जूनियर हाईस्कूल में घुसे और स्कूल की रसोई से मिड-डे-मील के दो कट्टे चावल चुराकर ले जाने लगे। जैसे ही दोनों बाहर आए तो घर से पास के स्टोन क्रशर पर जा रहे गांव के ब्रजमोहन पुत्र सत्यपाल ने उन्हें देख लिया। ब्रजमोहन ने शोर मचाया तो दोनों भागने लगे। शोर सुनकर गांव के धर्म सिंह, भीम सहित कई लोग पहुंचे।

## उत्तराखंड में 1 लाख 29 हजार नए युवा वोटर बने

देहरादून। उत्तराखंड में 1 लाख 29 हजार 62 युवा नए वोटर बने हैं। इसके साथ ही राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 82 लाख 43 हजार 423 हो गई है। इसके अलावा राज्य में 93 हजार 357 सर्विस वोटर भी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी षणमुगम ने सोमवार को सचिवालय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता के दौरान निर्वाचन नामावली के अंतिम आंकड़ों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 तक राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 82 लाख 43 हजार 423 है। जिसमें 18 से 19 साल के 1 लाख 29 हजार 62 वोटर, 20 से 29 साल के 16 लाख 59 हजार 290 वोटर, जबकि 30 से 39 वर्ष के 19 लाख 4 हजार 523 वोटर हैं। राज्य में अस्सी साल से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1 लाख 54 हजार 259 है। सौ साल से अधिक उम्र के कुल 1411 वोटर, जबकि दिव्यांग वोटरों की संख्या 69 हजार 974 है। राज्य में 42,70,597 पुरुष व 39,72,540 महिला वोटर हैं जबकि 286 ट्रांसजेंडर हैं। इस दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह आदि।

**मतदाता सूची से 1 लाख 58 हजार नाम हटाए**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले मतदाता सूची में 2 लाख 57 हजार 933 नए मतदाता जुड़े हैं। जबकि 1 लाख 58 हजार 11 मतदाता हटाए गए हैं। इस तरह पिछली मतदाता सूची से वास्तव में राज्य में 99 हजार 922 नए मतदाता बढ़ हैं। उन्होंने कहा कि जो मतदाता सूची से हटाए गए हैं उनमें 13100 मृत्यु, 118073 अन्य स्थानों पर शिफ्टिंग और 26838 डुप्लीकेसी की वजह से हटाए गए हैं।

## खटीमा में जगह-जगह निकाली भव्य शोभायात्राएं

रुद्रपुर। अयोध्या में प्रभु राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया गया। इससे पहले नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भंडारे और लंगर की व्यवस्था भी की गई। कार सेवा के दौरान जेल गए राम भक्तों को भी रामलीला पात्र परिषद ने सम्मानित किया। सोमवार को सुबह के समय रामभक्त रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। यहां से शोभयात्रा शहर के चारों मुख्य मार्ग पर निकली। जहां जगह-जगह यात्रा के स्वागत के लिए स्थानीय निवासियों ने भंडारे एवं लंगर की व्यवस्था की। सुबह से ही माहौल दिवाली जैसा प्रतीत होने लगा पूरा शहर भगवा रंग में रंगा हुआ था। झांकी के आगे छोलिया नृत्य और भांगड़ा करते हुए कलाकार पूरे शहर में घूमे। लोगों ने घरों से निकलकर यात्रा में भाग लिया। यात्रा में आए राम भक्तों ने यात्रा का स्वागत किया। घर-घर भगवा छाएगा रामराज फिर आएगा, जय श्री राम के नारों से पूरा शहर घने कोहरे के बावजूद गूंजता रहा था। राम भक्त झूमते गाते नाचते आतिशबाजी करते पूरे शहर में घूमे। यात्रा रामलीला ग्राउंड पहुंची, जहां विशाल महाआरती में हजारों भक्त शामिल हुए।

रामलीला कमेटी द्वारा कार सेवा में भाग लेने वाले और आयोजक मंडल के राम भक्तों को सम्मानित किया गया। अग्रवाल युवा संघ ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। आरपी पब्लिक स्कूल, आवास विकास कॉलोनी, खटीमा फाइबर, सिद्धेश्वर शिव मंदिर, बैजनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन भी किया। यात्रा में मुख्य रूप से आयोजित मंडल के रामू जोशी, मनोज वाधवा, रमेश चंद्र जोशी, अचल शर्मा, राजीव अग्रवाल, किशन सिंह किन्ना, नवीन बोरा, सतीश गोयल, मोहिनी पोखरिया, नीलू गुप्ता, राजीव बंसल, चिन्नू अग्रवाल, भानू प्रताप शास्त्री, नेतराम तिवारी, रविंद्र श्रीवास्तव, जीवन धामी, भवानी भंडारी, गंभीर सिंह धामी, गोपाल बोरा, अमित पांडेय, संतोष अग्रवाल, इंद्रेश अरोड़ा, नीरज शर्मा, गोकुल ओली, नवल वाल्मीकि,सिंटू गुंबर, प्रदीप अग्रवाल, सुरेश पवार, रोहित वर्मा उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल चोरी में दंपति धरा

हरिद्वार( । बहादराबाद पुलिस के हत्थे चढ़े बिजनौर के एक दंपति के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी दंपति यहां चाय का खोखा संचालित कर रहा था।

पुलिस ने आरोपी दंपति को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि मुकेश कुमार पुत्र हरिराम निवासी रोहालकी किशनपुर की मोटरसाइकिल बाईपास स्थित देशी शराब के ठेके के पास से चोरी कर ली गई थी। वाहन स्वामी की सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई थी।

बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने जया मैक्सवैल तिराहे के पास मोटरसाइकिल सवार दंपति को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने कबूला कि मोटरसाइकिल उन्होंने चोरी की थी। एसओ ने बताया कि आरोपियों के नाम संजय पुत्र श्रीराम, उसकी पत्नी सोनी निवासी नगला गन्ना करनावाला थाना धामपुर बिजनौर यूपी हाल निवासी नियर सलेमपुर चौक कोतवाली रानीपुर है। बताया कि दंपति बाजार क्षेत्र में चाय का खोखा संचालित करता है। महिला ने मोटरसाइकिल खरीदने के लिए पति पर दबाव बनाया था, जिसके बाद दंपति ने मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की थी।

# रेड ग्राउण्ड सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा ,पूजा, आरती का सजीव प्रसारण किया





देहरादून। सांस्कृतिक उत्सव के अवसर पर परेड ग्राउण्ड सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह, पूजा, आरती का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से भी किया गया। इस अवसर पर शहर में विभिन्न स्थानों पर रामभक्तों द्वारा शोभायात्रा निकालते हुए भण्डारे का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक उत्सव को भव्य स्वरूप देने हेतु समस्त शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक इमारतों को प्रकाशमान किया गया।

साथ ही शहर, बाजारों को भव्यता से संवारते हुए प्रकाश से अलंकृत किया गया।

इससे पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन के नेतृत्व में परेड ग्राउण्ड में दीपोउत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें सवा लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किये गए तथा माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिहं धामी सहित सासंदगण, विधायकगण एवं गणमान्यों एवं भारी संख्या जनमानस द्वारा दीप उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग कर दीप जलाए।

# अयोध्या राम मंदिर में राम लला की हुई प्राण प्रतिष्ठा, कोटद्वार में मनाई दिवाली



अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण राम भक्तों के साथ लाइव देखते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान कोटद्वार में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ तो कई जगह भंडारे का आयोजन भी हुआ। शहर में माहौल से दिवाली सा प्रतीत हो रहा है। शहर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने राम भक्तों के साथ लाइव देखा। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।

कड़ी ठंड होने के बावजूद भी राम भक्त उत्साहित होकर आयोजनों में शामिल हुए। कार्यक्रम को लाइव देखने के लिए कोटद्वार में कई स्थानों पर व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा जगह-जगह में भंडारे और प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। 84 सेकंड के मुहूर्त में पीएम मोदी ने जैसे ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की, भक्तगण जयकारे लगाते हुए राम भक्ति में झूमने लगे। कोटद्वार के स्टेशन मार्ग पर हनुमान मंदिर के बाहर कार्यक्रम को लाइव देखने के लिए एलईडी की व्यवस्था की गई थी। नियत समय पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने राम भक्तों के साथ कार्यक्रम को देखा। इस दौरान उन्होंने जयकारे भी लगाये। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गूंज पूरे देश के साथ ही कोटद्वार में भी सुनाई दी। भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में हो रही थी, लेकिन गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लोगों ने दिन में ही दिवाली मनाई।

## जीएमओयू में सुंदरकांड का हुआ पाठ

कोटद्वारः जीएमओयू मुख्यालय में अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठान के शुभ अवसर पर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह पूजा अर्चना और आरती के बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसमे समस्त श्रद्धालु जनों ने सुंदरकांड का पाठ किया और भजन गाए। इस मौके पर सभी भक्त राम भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम में कंपनी के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, संचालक मंडल के सदस्य कुंवर सिंह रावत, भाष्करानन्द भारद्वाज, हर्ष सिंह रावत, अर्जुन सिंह रावत, नरेन्द्र सिंह नेगी, विपिन सिंह चन्द, यशवन्त सिंह नेगी, संजय कुमार बड़थ्वाल, आनन्द सिंह रावत, दिवाकर दत्त बुड़ाकोटी सहित भगत सिंह नेगी, बचन सिंह पुंडीर, हनुमन्त सिंह पटवाल, ललित पटवाल, जनरल मैनेजर श्रीमती उषा सजवाण, सचिव विजयपाल सिंह नेगी, सहायक यातायात प्रबन्धक दीपक नेगी, कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत आदि मौजूद थे।

## सतपुली में निकाली शोभा यात्रा



मां भुवनेश्वरी मंदिर सांगुडा, बिलखेत में महिलाएं कीर्तन करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभ अवसर पर सोमवार को नयारघाटी क्षेत्र राममय नजर आया। सतपुली बाजार हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा शुरू होकर पूरे बाजार का भ्रमण कर पुनः हनुमान मंदिर में पहुंची। जहां लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। शोभा यात्रा के दौरान राम के जयकारों से सतपुली राममय हो गया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और खुशियां मनाई गई। वहीं मंदिर प्रांगण में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान राधा कृष्ण मंदिर समिति अध्यक्ष बंसती देवी, पुजारी धनीराम धस्माना, प्रेम सिंह रावत, इंदु जुयाल, कुसुम खंतवाल, सत्यभामा देवी, सुनील, उपजिलाधिकारी, तसीलदार सुधा डोभाल, अधिशासी अधिकारी सीमा रावत सहित सैकड़ों राम भक्त उपस्थित रहे।

वहीं दंगलेश्वर मंदिर में महिला मंगल दलों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया और देश की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही ग्राम हंदुल और विकास मोहल्ला सतपुली निवासियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही दूसरी ओर प्रमुख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र सिंह राणा ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मां भुवनेश्वरी मंदिर सांगुडा, बिलखेत में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा ने द्वीप जलाकर श्रीराम झांकी के दौरान तिलक किया। यहां भजन कीर्तन में भी श्रद्धालुओं ने किए। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भजन-कीर्तन किए।

## पुलिस ने किया चोरियों का खुलासा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने चोरियों का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के माल सहित दो विधि विवादित किशोरों को हिरासत में लिया है। विधि विवादित किशोरों को माननीय न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड पौड़ी के समक्ष पेश किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि गत शनिवार को संतोष बिष्ट पुत्र गोपाल सिंह विबष्ट निवासी मानपुर कोटद्वार ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पटेल मार्ग कुकरेती मेडिकल के सामने स्थित उनकी दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से 12,500/– रूपये व एक इंडक्शन इलैक्टिक चोरी कर लिया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर थाना कोटद्वार पर आईपीसी की धारा 380/457 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। कोतवाल ने बताया कि गत रविवार को यशवेदी निवासी स्टेशन रोड निकट हनुमान मंदिर कोटद्वार ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी स्टेशन रोड निकट हनुमान मंदिर के पास स्थित दुकान का ताला तोड़कर दुकान से 3,000/– रूपये व सामान एवं सीसीटीवी तोड़कर चोरी कर ली है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर थाना कोटद्वार पर आईपीसी की धारा 380/457 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुये अभियोग के सफल निस्तारण करने के साथ-साथ अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित करने हेतु आदेशित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास एवं पतारसी-सुरागरसी कर 02 विधि विवादित किशोरों को चोरी किए गये माल के साथ पुलिस हिरासत में लिया गया। विधि विवादित किशोरों को माननीय न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड पौडी के समक्ष पेश किया जा रहा है। कोतवाल ने बताया कि 300 रूपये की नगदी, एक सीसीटीवी कैमरा और एक अदद आलानकब सरिया बरामद किया गया है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण उपनिरीक्षक प्रद्युमन सिंह नेगी, मेहराजुद्दीन, हेड कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह असवाल,, करन कुमार, कांस्टेबल चन्द्रपाल, अमरदीप आदि शामिल थे।

## पुलिस ने स्मैक तस्करी की आरोपी बेबी को भेजा जेल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार पुलिस ने उत्तर प्रदेश बरेली की शातिर नशा तस्कर बेबी उर्फ चारी को जेल भेज दिया है। पुलिस काफी समय से बेबी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही थी, लेकिन वह बार-बार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रही थी। बेबी लम्बे समय से बड़े पैमाने पर स्मैक की तस्करी में लिप्त थी। बेबी ने बताया कि बीमार बेटे के उपचार के लिए उसने ये पेशा अपनाया था और पूर्व में उनकी सास भी स्मैक तस्करी का काम करती थी।

सोमवार को कोटद्वार कोतवाली में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने बताया कि लम्बे समय से पुलिस को बेबी के बारे में सूचना मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने उसको गिरफ्तार करने के लिए कई टीमों का गठन करते हुए योजना बनाई। बताया कि पुलिस



की टीम ने बरेली से आरोपी बेबी पत्नी दिलीप निवासी गंगापुर, थाना बारदई को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव, सीआईयू प्रभारी मोहम्मद अकरम, एसएस-ाआई जयपाल चौहान, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा, सूरत शर्मा, दीपक अरोड़ा, हेड कांस्टेबल सतेन्द्र यादव, कांस्टेबल राहुल फोर, नेहा और पीआरडी जवान मीना शामिल रहे।

# अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में दिखा उत्साह

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सोमवार को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले भर में लोगों में उत्साह देखा गया। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में प्रसाद वितरण के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। क्यूंकालेश्वर मंदिर में भक्तों के लिए सुबह से ही भंडारा लगाया गया था।

रामलीला मैदान में भी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। बस स्टेशन में भी समाजसेवी नीलम जुयाल ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। स्थानीय युवा व्यापारी निखिल रौथाण ने भी जगह-जगह श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। रामलीला मैदान में रामलीला कमेटी द्वारा 60 किलो प्रसाद का वितरण किया गया।

श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर



सोमवार को मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ ही प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित हुए। द्वारीखाल ब्लाक के मजोखी गांव में पहले से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सोमवार को श्रीराम कथा का भी आयोजन हुआ। व्यास सुधीर बड़थ्वाल ने श्रीराम कथा का मुधर वाचन किया और श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इससे पूर्व गांव के नागराजा मंदिर से श्रीराम की शोभा यात्रा और कलश यात्रा भी निकाली गई। वहीं दूसरी ओर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भुवनेश्वरी मंदिर सांगुडा, बिलखेत, तिल्या सांगुडा बिलखेत में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### मंदिरों में हुए भजन कीर्तन

पौड़ी : अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बीरोंखाल के मंदिरों, शिवालयों में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जबकि मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन हुए। बीरोंखाल देवी मंदिर में बीरोंखाल व्यापार विकास समिति द्वारा भंडारों का आयोजन किया। प्रखंड के शिव मंदिर गुजिया महादेव, दुनांऊ कोठिला, लक्ष्मेश्वर, हनुमान मंदिर मैठाणाघाट, रसियामहादेव, स्यूंसी, कुणजोली मंदिरों में दिन भर उत्साह रहा।

### पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर झूमे छद्धालु

पौड़ी : कोट ब्लाक के फलस्वाड़ी में स्थित सीता माता मंदिर में भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह का माहौल रहा। वहीं, देवल गांव में लक्ष्मणसिद्ध मंदिर में भी श्रद्धालुओं द्वारा दीपोत्सव किया गया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही फलस्वाड़ी में स्थित सीता माता मंदिर के साथ ही अन्य क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना रहा। मंदिर में स्थानीय श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किए, साथ ही पारंपरिक वाद्य यंत्रों में भी जमकर झूमे। वहीं, क्षेत्र के देवल गांव में लक्ष्मणसिद्ध मंदिर में भी श्रद्धालुओं द्वारा दीपोत्सव का आयोजन किया गया। देवल गांव के पूर्व प्रधान नितिन उप्रेती ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। सीता माता मंदिर में सुबह से ही भजन कीर्तनों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तो देवल गांव में भी दीपोत्सव किया गया।

## एक नजर

### देवलेश्वर मंदिर में एक हजार दीए जलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सोमवार को पौड़ी मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर सिद्धपीठ देवलेवश्वर महादेव मंदिर में एक हजार दीए जलाकर प्रकाशोत्व मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भजन-कीर्तिन किए गए। देवलेश्वर मंदिर समिति ने राम लला प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा पर यह कार्यक्रम पहले से ही आयोजित किया था।

समिति ने इसकी तैयारियां भी शनिवार से ही कर दी थी। यहां एक हजार दीपक जलाकर राम लला प्रतिष्ठा के मौके पर प्रकाशोत्सव मनाया गया। इसके साथ ही मंदिर को भी भव्य रूप से सजाया गया। दिनभर यहां श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तिन किए। शाम को मंदिर में दीपोत्सव किया गया। देवलेश्वर मंदिर में समिति व श्रद्धालुओं ने 1 हजार दीए जलाएं। मंदिर समिति के जगत किशोर बड़थ्वाल ने बताया कि 5 हजार लड्डुओं का प्रसाद बनाया गया है। यह प्रसाद क्षेत्र के बलोड़ी सहित 34 गांवों में वितरण किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने रविवार से ही भजन-कीर्तिन किए। इस मौके पर किशोर कुमार, नागेंद्र जुगराण, सुरजीत थपलियाल, शंकर सिंह, राजेंद्र राणा, उत्तम सिंह, अचलानंद जुगराण, संजय सहित महिला मंगल दल से सरोजनी देवी, रंजना, सावित्री, अनीता आदि भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर पौड़ी के क्यूंकालेश्वर मंदिर में भी 500 दीए जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। रामलीला मैदान में आह्वान संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल द्वारा शहरवासियों के साथ मिलकर 5100 दीए जलाए।

### 10 फरवरी को लगेगा मेडिकल कैंप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल केंद्र की ओर से कोटद्वार स्थित गबर सिंह कैंप में गौरव सेनानियों, उनके आश्रितों व वीर नारियों के लिए 10 फरवरी को मेडिकल कैंप का आयोजन किया जायेगा। कैंप में ईसीएचएस, पीसीडीए, बैंक, सैनिक कल्याण और आधार कार्ड के स्टाल सहित मेडिकल कैंप में आंख, दांत, नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। यह जानकारी गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल कार्यालय लैंसडोन की ओर से दी गई है।

### प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर के विभिन्न स्थानों पर अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा गया। इस मौके पर स्थानीय गोला पार्क, नागेश्वर मंदिर सहित मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के प्रेक्षागृह में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिसे देखने के लिये बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। इस मौके पर जय श्री राम के नारों से श्रीनगर गुंजायमान रहा। (एजेंसी)

### भगवान श्री राम की भक्ति में लीन रहे श्रद्धालु

श्रीनगर गढ़वाल : अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीनगर में विभिन्न मंदिरों में अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा शहर राम भक्ति में लीन हो गया। विभिन्न स्थानों में राम कीर्तन और भजनों की गूंज सुनाई देती रही। श्रीनगर के सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर, हनुमान मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, कटकेश्वर महादेव मंदिर, श्रीकोट भगवान श्रीरामलीला प्रांगण स्थित मंदिर, चौरास स्थित सूरी देवी मंदिर, ज्वालपा देवी मंदिर और विद्या मंदिर श्रीकोट में हवन पूजन सहित सुंदरपाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग अनुष्ठान में उमड़ पड़े। मंदिरों में कीर्तन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन कर वातावरण को राममय कर दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। (एजेंसी)

# ग्रामीणों क्षेत्रों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कल्जीखाल ब्लॉक के दर्जनों गांव में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया गया। ग्रामीणों ने गांव व मंदिरों में रामायण पाठ सम्पन्न कराया। साथ ाात्रा निकाली।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी भक्तिमय माहौल देखा गया। महिलाएं ने सुबह से पारंपरिक वेशभूषा, पहाड़ी आभूषण के साथ मंदिरों में पूजा-अर्चना, कीर्तन भजन किए।

वहीं नगर और बाजारों और ग्रामीण कस्बों में सियाराम की जय-जय के नारों के साथ राम सीता लक्ष्मण हनुमान जी की सुंदर-सुंदर भव्य झांकियां निकाली गई। विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम बुटली में मां बाल कुंवारी मंदिर में महिला मंगल दल द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल ने भगवान श्री राम से सभी के जीवन में अपार खुशियां, सुख समृद्धि और आरोग्य जीवन की कामना, प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बुटली गांव के प्रवासियों और रैवासियों द्वारा स्वयं समय-समय पर समाजिक सहभागिता से धार्मिक सामाजिक गतविधियों के लिए क्षेत्र में एक मिशाल कयाम की, जिस कारण हम जैसे जनप्रतिनिधियों को भी धार्मिक कार्यों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलता है। इस मौके पर सभी ने मिलकर भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भजन कीर्तन कर कार्यक्रम को भव्यता पूर्ण से मनाया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह नेगी, पूर्व प्रधान प्रेम सिंह नेगी, ग्राम प्रधान बुटली उर्मिला देवी, धर्मानन्द कुकरेती आदि मौजूद थे। वहीं जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल ने साकनी बड़ी में श्रीराम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जहां पर लोक गायक सुरजीत पंवार, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष रघुनाथ सिंह रावत, रामलीला समिति के अध्यक्ष जसवंत सिंह रावत के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं घंडियाल बाजार में मां आदिशक्ति राजराजेश्वरी मंदिर में युवा संगठन समिति अध्यक्ष अजय मोहन नेगी एवं महिला मंगल दल घण्डियाल अध्यक्ष गायत्री देवी पटवाल, ग्राम प्रधान पूजा देवी के नेतृत्व में भगवान राम सीता लक्ष्मण, हनुमान जी की सुंदर-सुंदर भव्य झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं कल्जीखल विकासखंड ग्राम गिदरासू में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर गिदरासू रामलीला समिति द्वारा भव्य कीर्तन भजन प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रमुख श्रीमती बीना राणा



कल्जीखाल, विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल की मौजूदगी रही। इस अवसर पर ज्येष्ठ उप प्रमुख अनिल नेगी, कनिष्ठ प्रमुख अर्जन सिंह पटवाल, भाजपा युवा नेता भारत भूषण नेगी आदि की मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि संजय पटवाल ने किया। ग्राम पंचायत थापला में भी पूर्व प्रधान एवं महिला मंगल दल अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी की अध्यक्षता में श्रीराम लक्ष्मण सीता माता हनुमान जी की झांकी निकाली गई। मंदिर में कीर्तन भजन किए गए। ग्राम पंचायत डांगी में महिला मंगल दल की अध्यक्ष श्रीमती नीतू लिंगवाल की अध्यक्षता में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मां भुवनेश्वरी मंदिर में श्रीराम लक्ष्मण सीता माता हनुमान की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए और कीर्तन भजन किये गये और कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान भगवान सिंह चौहान ने की।

## रूद्रलोक में निकली राम शोभा यात्रा, धूमधाम से मना राम उत्सव

देहरादून : रूद्रलोक एनक्लेव में राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया गया। रूद्रलोक कीर्तन मंडली की ओर से आयोजित समारोह में कलश यात्रा व हवन यज्ञ किया गया। इस दौरान मंडली के सदस्यों ने रूद्रलोक से बालाजी मंदिर तक राम शोभा यात्रा भी निकाली।सोमवार सुबह रूद्रलोक कीर्तन मंडली की महिलाओं ने राम उत्सव समारोह आयोजित किया। इस दौरान मंडली से जुड़ी महिलाओं ने रामायण की कुछ लीलाओं का भी मंचन भी किया। राम की भूमिका में रीता सेमवाल, सीता की भूमिका मे प्रियंका नेगी, लक्ष्मण की भूमिका में सरिता पेटवाल, हनुमान कल्पना कपरूवाण रहे। मंडली की अध्यक्ष प्रियंका नेगी ने कहा कि राम किसी धर्म या समुदाय के ही नहीं बल्कि सभी के हैं। राम आदर्श जीवन का द्योतक हैं। रामायण का हर पात्र हमें बताता है कि आदर्श



जीवन कैसे जिया जाता है। प्रियंका नेगी ने कहा कि आज का दिन पूरे देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज रामलला अपने घर में विराजमान हुए हैं। आज पूरा देश राममय है। उम्मीद है कि अब देश में पूरी तरह राम राज स्थापित होगा। देश का हर नागरिक खुशहाल होगा। अध्यक्ष प्रियंका ने कहा कि अपनी धार्मिक परंपराओं व मान्यताओं को प्रचारित प्रसारित करना और इनका संरक्षण करना हम सबका नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम के आयोजन में कीर्तन मंडली के सदस्यों के साथ ही रूद्रलोक के स्थानीय निवासियों ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया। अध्यक्ष प्रियंका नेगी ने बताया कि कीर्तन मंडली भविष्य में भी ऐसे आयोजन करती रहेगी।

## चिन्यालीसौड़ में धूमधाम से मनाया गया रामलला का उत्सव

उत्तरकाशी : भगवान राम की मूर्ति की स्थापना पर नगर पालिका चिन्यालीसौड़ में भी राम लला का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर राज राजेश्वरी मंदिर, बड़ेथी,नागराजा मंदिर सहित अन्य मंदिरों पूजन एवं हवन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सभी मंदिर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजते रहे।सोमवार को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चिन्यालीसौड के वार्ड सात स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में भजन कीर्तन के साथ ही विशेष पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने किया। इसके साथ ही ब्लॉक भर के धारकोट,जिब्या, चमियारी ,तुल्याड़ा, खालसी आदि गांव में रामलला का उत्सव मनाया गया।

# निर्वाचक नामावली का किया गया अन्तिम प्रकाशन



चमोली : विधानसभा निर्वाचक नामावली का सोमवार को अन्तिम प्रकाशन किया गया। अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते हुए जिले की तीनों विधानसभा मे मतदाताओं की संख्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में निर्वाचक नामावली की प्रतियां भी उपलब्ध की गई। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली की प्रतियां प्रत्येक मतदेय स्थल एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में चस्पा की गई है। अभी भी किसी का नाम छूट गया है तो 25 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते है। उन्होंने राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करते हुए इसकी सूची उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में बताया गया कि 01 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का अनन्तिम प्रकाशन किया गया। अनन्तिम प्रकाशन के बाद जनपद में कुल 298498 सामान्य मतदाता व 10372 सेवा मतदाता हैं। बद्रीनाथ विधानसभा में कुल 101596 मतदाता हैं, जिसमें महिला 49435, पुरुष 52158 तथा अन्य 3, थराली विधानसभा में कुल 103032 मतदाता, जिसमें महिला 52952, पुरुष 50079 तथा अन्य 1 और कर्णप्रयाग विधानसभा में कुल 93870 मतदाता हैं। जिसमें महिला 47071 तथा पुरूष 46799 हैं। वहीं बद्रीनाथ विधानसभा में महिला 36, पुरुष 2530 सहित कुल 2566 सर्विस वोटर, थराली विधानसभा में महिला 41, पुरुष 3746 सहित कुल 3787 सर्विस वोटर व कर्णप्रयाग विधानसभा में महिला 25, पुरुष 3994 सहित कुल 4019 सर्विस वोटर हैं। (एजेंसी)



# गौचर में 7 फरवरी को मुख्यमंत्री करेंगे मातृशक्ति सम्मेलन



चमोली : महिला सशक्तिकरण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आगामी 07 फरवरी को गौचर में मातृशक्ति सम्मेलन करेंगे। जिसमें जनपद चमोली के सभी विकास खंडों से हजारों की संख्या में महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। मातृशक्ति सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु ने सोमवार को सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

मातृशक्ति सम्मेलन में जनपद चमोली के पारंपरिक हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, कताई-बुनाई, दुर्लभ भोजपत्र पर कैलीग्राफी, वैजयंती माला, लेंटाना से उपयोगी सामग्री निर्माण को प्रदर्शित किया जाएगा। विश्व धरोहर रम्माण, नंदा गौरा की झांकी एवं स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण को लेकर विश्व विख्यात चिपको आंदोलन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद की अनेक विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ वितरण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गौचर में आयोजित होने वाले मातृशक्ति सम्मेलन की सभी तैयारियां समय से पूरी की जाए। गौचर में मातृशक्ति सम्मेलन के दौरान यातायात, पार्किंग, शौचालय, सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था के सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जाए।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम संतोष कुमार पांडेय, मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

## जय श्री राम के उद्घोष से गूंजी पिंडर घाटी

चमोली : अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा शुरू होते ही थराली के विभिन्न बाजारों में भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान राम के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के दौरान भगवान राम के भजन कीर्तन पर भक्त जमकर थिरके। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। सोमवार को श्री राम मंदिर अयोध्या धाम में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर जहां पूरे देश में भव्य आयोजन किये गए। वहीं, थराली नगर मे राष्ट्रीय स्वयं संघ के कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान से थराली नगर तक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान बेतालेश्वर मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। (एजेंसी)

## मंदिरों में हुई श्री राम अर्चना वंदना

चमोली : अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बदरीनाथ से लेकर बदरी पांडुकेश्वर, गोपेश्वर मंदिर समेत चमोली के सभी मंदिरों में श्रीराम अर्चना वंदना, पूजा अनुष्ठान, सुंदर पाठ का आयोजन किया गया। जोशीमठ नृसिंह मंदिर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट सहित सैकड़ों राम भक्तों ने सुंदर कांड पाठ किया। गोपेश्वर शिव मंदिर परिसर में भजन कीर्तन और सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। गोपेश्वर मुख्य स्टेशन पर विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। व्यापार संघ की पहल पर आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में राम चंद्र भट्ट सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्र-छात्राओं ने भगवान की वंदना समेत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। (एजेंसी)

## 25 जनवरी को होगा क्रॉस कन्ट्री दौड़ का आयोजन

चमोली : गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी खेल विभाग विक्रम चौधरी ने बताया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व बेला व 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को स्पोर्टस स्टेडियम गोपेश्वर से पीजी कालेज, जीरो बैण्ड व गोपेश्वर घिंघराण मोटर मार्ग के चयनित स्थल होते हुए वापस ग्राउण्ड तक क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालक वर्ग अंडर-16 में 4 किमी., बालक ओपन वर्ग में 08 किमी. तथा बालिका वर्ग अंडर-16 में 03 किमी. व बालिका वर्ग ओपन में 05 किमी. दौड रखी है। उन्होंने बताया कि बालक एवं बालिकाओं के प्रत्येक आयु वर्ग में प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग चमोली द्वारा आकर्षक पुरस्कार व उक्त के अतिरिक्त सभी आयु वर्गों में दौड़ पूरी करने वाले दो-दो खिलाड़ियों को लॉटरी के माध्यम से पुरस्कृत किया जायेगा। (एजेंसी)

# जखोली में राम झांकी निकाली



चमोली : श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को जखोली लस्या के रामाश्रम स्थित राम मंदिर में भक्तों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें आस-पास के नागेन्द्र इंका बजीरा, रामाश्रम, ओंकारानन्द जखोली, जयन्ती कौठियाड़ा सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ जखोली तहसील परिसर में एकत्रित हुए और वहां से राम झांकियां निकालते हुए रामाश्रम राम मंदिर में जयकारे लगाते हुए पहुंचे,जहां जखोली, कपणियां, बजीरा, बच्चवाड़, ललूड़ी आदि महिला मंगल दलों ने कीर्तन भजन एवं पूजा अर्चना कर भक्तों ने भण्डारे में भोग लगाया व प्रसाद वितरण कर अन्न ग्रहण किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक क्षेत्र पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह भंडारी, प्रभुदयाल भण्डारी, दीनदयाल भण्डारी, भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष मेहरमान रावत, विजेन्द्र मेवाड़, आचार्य भगवती भट्ट, बलवीर सिंह चौहान, सुशीला मेवाड़, सतीश राणा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। साथ ही जखोली के अलावा भी पूरे क्षेत्र के कोने-कोने में हर्षोल्लास देखने को मिल रहा है। इस भव्य कार्यक्रम का लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला है। (एजेंसी)

# उत्तरकाशी में राम वाटिका का शुभारंभ

उत्तरकाशी : अयोध्यापुरी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर विकास भवन परिसर में सीडीओ जय किशन की ओर से राम वाटिका की स्थापना की गई। जिसका शुभारंभ राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुरेश चैहान, प्रदेश महामंत्री भाजपा आदित्य कोठारी, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर राम वाटिका में तुलसी एवं रुद्राक्ष के पौध का रोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि वर्षों की मेहनत एवं लाखों की शहादत के बाद आज अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पीएम नरेन्द्र मोदी के सानिध्य में हो रही है। उन्होंने कहा कि सीडीओ जय किशन की पहल पर राम वाटिका का निर्माण किया गया। इस वाटिका में राम वाटिका में पौध रोपण भी किया गया जो हमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि राम वाटिका उद्घाटन में मुख्य विकास अधिकारी के पिता जयमंगल सिंह एवं माता सरोज कुमारी ने भी शामिल होकर रुद्राक्ष के पौध का रोपण किया। सीडीओ जय किशन ने कहा कि बहुत कम समय में राम वाटिका को भव्य बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास भवन परिधि के आस-पास स्थान को चिह्न कर भागीरथी वाटिका का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वाटिका निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए वाटिका में तुलसी एवं रुद्राक्ष के पौध का रोपण किया गया है। उन्होंने वाटिका निर्माण में योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों खासकर पीआरडी टीम का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी डीपी बलोनी, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी, जिलाध्यक्ष भाजपा सतेंद्र राणा, उपाध्यक्ष भाजपा जिला किसान मोर्चा किशोर जोशी, नवीन पैन्यूली, देशराज बिष्ट, विनोद चैहान, विजय बहादुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। (एजेंसी)

## सतेराखाल में निकाली भव्य राम कलश यात्रा

रुद्रप्रयाग : अयोध्या में भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सतेराखाल में भव्य राम कलश यात्रा व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कलश यात्रा नारी चंडिका मंदिर से प्रारंभ होकर सतेराखाल मुख्य बाजार स्थित हनुमान मन्दिर तक आयोजित की गई। जिसमें सतेराखाल क्षेत्र के नारी, खतेणा, स्युपुरी, सतेरा, सीली की महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सतेराखाल पहुंचकर रामयात्रा का व्यापार संघ और स्थानीय निवासियों ने स्वागत किया। इस दौरान पूरा सतेराखाल क्षेत्र श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। कलश यात्रा में गम्भीर सिंह बिष्ट, प्रकाशवीर नेगी, रिटा. कैप्टन दलवीर सिंह रावत, रिटा. कैप्टन उम्मेद सिंह नेगी, जितेंद्र बर्तवाल, दीपक नेगी, महिपाल नेगी, महेंद्र बर्तवाल, आनंद सिंह रावत, प्रेम सिंह नेगी, विनोद डिमरी, नवीन बर्तवाल, विश्वंभर मलवाल समेत आदि क्षेत्रीय जनता मौजूद थी। (एजेंसी)

# प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजभवन ऑडिटोरियम में राम भजन संध्या आयोजित



– राजभवन में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया

देहरादून। अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजभवन ऑडिटोरियम में राम भजन संध्या आयोजित की गई। इस भजन संध्या में लक्ष्मी दास व उनकी टीम द्वारा राम भक्ति पर आधारित अपने भजनों से उपस्थित लोगों को भाव–विभोर कर दिया। वहीं इस अवसर पर राजभवन में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सहित राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साक्षी बने। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक और आनन्दमयी पल है जो कालखण्ड का बदलाव करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस प्रकार भारत को विकसित राष्ट्र, विश्व गुरु और सर्वश्रेष्ठ बना सके।

उन्होंने कहा कि आज राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होना, भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है। आखिरकार, आज समूचा राष्ट्र सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना है। अयोध्या में श्री राम मंदिर का उद्घाटन, आज का आयोजन करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत अविस्मरणीय पल है।

उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए खुशी और परम सौभाग्य का समय है कि सदियों के लम्बे इन्तजार के बाद यह शुभ समय आया है। राज्यपाल ने कहा कि राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी को अपने संकल्प एवं कर्तव्यों को पूरा करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सिर्फ भारतवासियों के लिए नहीं वरन पूरी मानवता के लिए अद्वितीय आदर्श हैं। अब कई वर्षों के लंबे संघर्ष और प्रतीक्षा के पश्चात अवधपुरी में प्रभु का भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण और आज पवित्र क्षण में राम लला की गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही हम सबकी मनोकामना पूर्ण हो गई है। अभी हम जिस सुअवसर से गुजरे हैं, मानवता के इतिहास में, ऐसा विलक्षण दृश्य कभी–कभी ही देखने को मिलते हैं।

इससे पूर्व इस शुभ अवसर पर राज्यपाल एवं प्रथम महिला ने राजभवन परिसर स्थित राजप्रज्ञेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना भी की।

इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक नितिन उपाध्याय, चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, डॉ. एस.के.सिंह, कम्प्ट्रोलर प्रमोद चमोली सहित राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।



## सम्पादकीय

# कई राज्यों में कांग्रेस को खाता खोलना है

कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन सुधारने के प्रयासों में लगी है और इसके लिए वह अपने घनघोर दुश्मन पार्टियों के साथ भी तालमेल कर रही है। आम आदमी पार्टी के साथ लगभग समझौता हो गया है और चंडीगढ़ के मेयर और उपमेयर के चुनाव में उसका ट्रायल भी हो गया है। लोकसभा में प्रदर्शन सुधारने के लिए ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू हुआ है। लेकिन इसके साथ ही कांग्रेस कई राज्यों में खाता खोलने के प्रयास में भी है। ध्यान रहे पिछले लोकसभा चुनाव में कई छोटे–बड़े राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड आदि में कांग्रेस का खाता नही खुला था। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, कर्नाटक जैसे राज्यों में एक–एक सीटें मिली थी। इस बार कांग्रेस उन सभी राज्यों में खाता खुलने की उम्मीद कर रही है, जहां पिछली बार उसे एक भी सीट नही मिली थी। इसके लिए कई तरह के उपाय हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश में कांग्रेस ने सबसे बड़ा दांव चला है, जहां मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला को कांग्रेस में शामिल कराया गया है। पूरा आंध्र प्रदेश शर्मिला को जानता है क्योंकि वे राज्य के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत वाईएसआर रेड्डी की बेटी हैं और जब जगन मोहन रेड्डी जेल में बंद थे तो शर्मिला ने पूरे प्रदेश की पदयात्रा की थी। आक्रमक तेवर और 24 घंटे राजनीति करने की उनकी क्षमता से कांग्रेस को बड़ी उम्मीदें हैं। इस बार कांग्रेस राज्य में त्रिकोणात्मक मुकाबले में खाता खुलने की उम्मीद कर रही है।

कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से तालमेल किया है। चंडीगढ़ में दोनों पार्टियों ने मिल कर मेयर और उपमेयर का चुनाव लड़ा। इससे पहले सात सदस्यों वाली कांग्रेस चुनाव से अलग रहती थी तो भाजपा आराम से चुनाव जीत जाती थी। गौरतलब है कि भाजपा के 14 और आम आदमी पार्टी के 13 सदस्य हैं। चंडीगढ़ की सांसद पदेन सदस्य हैं। आम आदमी पार्टी से तालमेल का लाभ कांग्रेस को हरियाणा और दिल्ली में मिल सकता है। हरियाणा में कांग्रेस बहुत मजबूत स्थिति में है और उसे सिर्फ खाता खुलने की नही, बल्कि अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। आप से तालमेल होने पर कांग्रेस को अंदाजा है कि उसका वोट नही बंटेगा और उसे दो या तीन सीटें मिल जाएंगी। दिल्ली में भी दोनों का तालमेल होगा लेकिन वहां भाजपा का वोट 50 फीसदी से ऊपर है। अगर सांसदों के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी काम करती है तो कांग्रेस का खाता खुल सकता है। राजस्थान में पिछली बार सरकार में होने के बावजूद कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। इस बार कांग्रेस सरकार से बाहर है, लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए चुनाव में कांग्रेस ने बहुत दम दिखाया और भाजपा की सरकार बनने के बाद एक विधानसभा सीट का चुनाव जीत कर एक बड़ा मैसेज बनवाया है। अब कांग्रेस ने जाट अध्यक्ष और दलित नेता प्रतिपक्ष बनवाया। इसके अलावा अशोक गहलोत और सचिन पायलट के जरिए ओबीसी और गुर्जर वोट पर कांग्रेस की नजर है। हनुमान बेनीवाल इस बार भाजपा से अलग हैं। इससे भी कांग्रेस को खाता खुलने की संभावना दिख रही है। आम आदमी पार्टी से तालमेल के बावजूद गुजरात में लगातार तीसरी बार कांग्रेस का खाता खुलने की संभावना नहीं है।

## वजन घटाने के लिए सुबह खाली पेट पिएं सेलरी जूस, बिना एक्सरसाइज के घट जाएगा कई किलो वजन

आप भी बिना एक्सरसाइज या डाइटिंग के वजन कम करने की कोशिश में रहते हैं. तो वजन घटाने के लिए सबसे आसान और प्राकृतिक तरीकों में से एक है. सुबह खाली पेट सेलरी का जूस पीना. सेलरी में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे विटामिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सिडेंट्स आदि. ये सभी शरीर को डिटॉक्सीफाई करते हैं और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद करते हैं. इसके अलावा, सेलरी में फाइबर भी पाया जाता है जो पेट को भरा हुआ रखता है और भूख कम करता है. आइए जानते हैं इसके और भी फायदे..

**सेलरी डिटॉक्स करता है**

सेलेरी में पानी की मात्रा अच्छी खासी होती है, जो इसे एक हाइड्रेटिंग फूड बनाती है. सेलेरी खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और वजन भी नियंत्रित रहता है. इसके अलावा, सेलेरी में एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं जो शरीर से विषैले पदार्थों और फ्री रेडिकल्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं. ये शरीर की डिटॉक्स प्रक्रिया को बढ़ावा देकर हानिकारक टॉक्सिन्स से छुटकारा दिलाते हैं और एंटी–इंफ्लेमेटरी प्रभाव डालते हैं. इस प्रकार सेलेरी, अपने पानी और एंटीऑक्सीडेंट्स की उपस्थिति से शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर डिटॉक्सिफाई करने में मदद करता है.

**चर्बी को जलाता है**

सेलेरी में कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जैसे विटामिन ष्ट, विटामिन श्व, बीटा कैरोटीन, ल्यूटिन आदि. ये सभी शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव कम करने का काम करते हैं. ऑक्सीडेटिव तनाव की वजह से शरीर में फ्री रेडिकल्स बनते हैं जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं. सेलेरी के एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से लडक़र कोशिकाओं की रक्षा करते हैं. साथ ही, ये एंटीऑक्सीडेंट मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया को तेज करके शरीर में अतिरिक्त चर्बी जलाने में मदद करते हैं.

# इजराइल–हमास लड़ाई में भी दोहरा मापदंड

**बलबीर पुंज**

जो पाकिस्तान पिछले 100 दिनों से अन्य कुछ इस्लामी देशों की भांति हमास–विरोधी इजराइली सैन्य अभियान में कई 'निदोष फिलीस्तीनियों' के मारे जाने पर आंसू बहा रहा है, पर उसी देश के पूर्व तानाशाह जनरल जिया–उल–हक ने ही जॉर्डन के 10 दिवसीय 'ब्लैक सितंबर' में इजराइल के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हजारों फिलीस्तीनियों के कत्लेआम में रणनीतिक भूमिका निभाई थी।..इस घटना के लिए जिया को फ़िलिस्तीनियों का 'कसाई' कहकर संबोधित किया जाता है।





इजराइल–हमास युद्ध को 100 दिन से अधिक हो गए है। यह युद्ध अभी तक हजारों को लील चुका है, तो गाजा–पट्टी का आधा हिस्सा इजराइली बमबारी से मलबे में तब्दील हो गया है। इजराइल और फिलीस्तीन के असंख्य नागरिक के खिलाफ हो रहा अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस मानवीय त्रासदी के लिए कौन जिम्मेदार है? इजराइल या हमास (इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन) रूपी फिलीस्तान समर्थित संगठन?

इजराइल अपनी स्थापना (1948) से अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। जब भी उसपर मजहबी कारणों से आक्रमण होता है, तब वह प्रतिकार करते हुए कोई रियायत नहीं बरतता। परंतु हमास का युद्ध मजहबी उन्माद से प्रेरित है और काफिर–कुफ्र अवधारणा से प्रेरणा पाता है। हमास, दुनिया के कई देशों द्वारा घोषित आतंकवादी संगठन है। परंतु एक वैश्विक वर्ग, जोकि वाम–उदारवादियों और मुस्लिम कट्टरपंथियों का एक समूह है– वह प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से इजराइल पर हमला करने वाले हमास के प्रति सहानुभूति रख रहा है। उनके लिए दुनिया का एकमात्र यहूदी राष्ट्र– इजराइल ही दोषी है।

इसे पूर्वाग्रह की पराकाष्ठा कहेंगे कि इजराइल में जिस तरह दानवी कृत हमास के जिहादियों ने किया, जिसमें उन्होंने पालने में सोते ढेरों मासूम बच्चों की गला रेतकर हत्या तक कर दी या उन्हें जीवित जला दिया– उसके समर्थन में इस कुनबे द्वारा नैरेटिव बनाया जा रहा है कि हमास का हमला 'फिलीस्तीन पर जबरन इजराइली कब्जे' का बदला है, जबकि प्रतिकारस्वरूप सैन्य कार्रवाई कर रहा इजराइल हजारों फिलीस्तानियों का दमन कर रहा है। यदि ऐसा है, तो यह कुनबा 'ब्लैक सितंबर' के बारे में क्या कहेगा?

इजराइल के पड़ोस में जॉर्डन नामक इस्लामी राष्ट्र है, जिसके शासक राजा अब्दुल्ला–2 शाही हाशमाइट साम्राज्य (1946 से अबतक) से है, जिसे पैगंबर मोहम्मद साहब का प्रत्यक्ष वंशज माना जाता हैं। बात वर्ष 1967 की है। उस समय इजराइल के खिलाफ हुए छह दिवसीय मजहबी युद्ध में मिस्त्र, जॉर्डन और सीरिया की प्रचंड पराजय हुई थी। तब लाखों फिलीस्तीनियों को जॉर्डन के तत्कालीन साम्राज्य राजा हुसैन ने शरण दी। इसी कालखंड में 'फिलिस्तीन मुक्ति संगठन' (पीएलओ) के सहयोग से 'फतह', 'फिदायीन' और 'पीएफएलपी' नामक समूहों का गठन भी हो चुका था, जो यहूदी राष्ट्र इजराइल को दुनिया से मिटाने हेतु जॉर्डन में अपनी शक्ति बढ़ाने लगे। अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वे प्रत्येक अंतराल पर इजराइली ठिकानों पर हमला करते। इससे उनकी लोकप्रियता अरब देशों में काफी बढने् लगी। उस समय पीएलओ का मुख्यालय जॉर्डन के अम्मान में था।

इसी बीच मिस्त्र ने 1969 में इज़राइल पर फिर हमला कर दिया, जिसमें जॉर्डन से संचालित 'पीएलओ', 'फतह', 'फिदायीन' और 'पीएफएलपी' ने भी बढ़–चढक़र हिस्सा लिया। तब मिस्त्र–जॉर्डन–इजराइल के बीच 1970 में अमेरिका के कूटनीतिक 'रॉजर प्लान' से युद्धविराम हुआ। इससे नाराज़ पीएलओ ने हाशमाइट सम्राट हुसैन को चुनौती दी, जिस जॉर्डन ने उन्हें शरण दी, उसपर कई हमले किए और उसमें ही अलग 'फिलिस्तीन' राष्ट्र बनाने का प्रयास शुरू कर दिया। कालांतर में पीएफएलपी ने सम्राट हुसैन की हत्या की भी कोशिश की, जिसमें असफल होने से बौखलाए पीएफएलपी ने दो अमेरिकी और एक स्विस हवाई जहाजों का अपहरण कर लिया और उन्हें जॉर्डन ले आए। 56 यहूदियों और छह अमेरिकी नागरिकों को छोडक़र अन्य सभी यात्रियों को रिहा कर दिया और जॉर्डन पर दवाब बनाने के लिए पीएफएलपी आतंकियों ने दो खाली जहाजों को बम से उड़ा दिया।

यह घटनाक्रम फिलीस्तीनी समूहों द्वारा जॉर्डन की स्वायत्तता पर गहरा प्रहार था। सम्राट हुसैन ने 16 सितंबर 1970 को अपनी सेना को फिलिस्तीनी–नियंत्रित क्षेत्रों पर हमले के निर्देश दे दिए, जिसे 'ब्लैक सितंबर' नाम से जाना जाता है। कई रिपोर्टों के अनुसार, उस समय मारे गए फिलिस्तीन समर्थक लड़ाकों की अनुमानित संख्या 25,000 या उससे अधिक थी। दिलचस्प यह भी है कि जो पाकिस्तान पिछले 100 दिनों से अन्य कुछ इस्लामी देशों की भांति हमास–विरोधी इजराइली सैन्य अभियान में कई 'निदोष फिलीस्तीनियों' के मारे जाने पर आंसू बहा रहा है, पर उसी देश के पूर्व तानाशाह जनरल जिया–उल–हक ने ही जॉर्डन के 10 दिवसीय 'ब्लैक सितंबर' में इजराइल के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हजारों फिलीस्तीनियों के कत्लेआम में रणनीतिक भूमिका निभाई थी। जिया उस समय ओमान में पाकिस्तानी दूतावास में कार्यरत थे। तब जिया ने जॉर्डन सेना को पीएलओ के खिलाफ लडने् हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया था। इस घटना के लिए जिया को फ़िलिस्तीनियों का 'कसाई' कहकर संबोधित किया जाता है।

क्या तब पाकिस्तान के समर्थन से जॉर्डन के मुस्लिम शासक, जो पैंगबार साहब के प्रत्यक्ष वंशज हैं– उनके द्वारा हजारों फिलीस्तीनियों की मौत पर कोई हो–हल्ला हुआ था, जैसे इजराइल–हमास युद्ध में हो रहा है? यदि तब सम्राट हुसैन द्वारा अपने देश की एकता और अखंडता सुरक्षित रखने के लिए फिलीस्तीनियों पर सैन्य कार्रवाई गलत नहीं थी, तब इजराइल द्वारा हमास के 7 अक्टूबर 2023 को किए भीषण आक्रमण का प्रतिकार, जिसमें गाजा–पट्टी पर रॉकेट–टैंक से हमला हो रहा है– उसपर हायतौबा क्यों?

यह विंडबना केवल फिलीस्तीनियों तक सीमित नहीं है। पाकिस्तान ने अपने वैचारिक कोख से जिन हजारों–लाख जिहादियों को पैदा किया, वह उसके लिए भी भस्मासुर बन रहे है। पूर्व तानाशाह जिया–उल हक के कार्यकाल (1978–88) के बाद पाकिस्तान में शिया–सुन्नी और अहमदिया संप्रदायों के बीच मजहबी टकराव को बढ़ावा मिला। एक आंकड़े के अनुसार, पाकिस्तानी वैचारिक अधिष्ठान द्वारा पनपाए आतंकवाद ने दीन के नाम पर बीते दो दशकों में 70,000 पाकिस्तानियों (शत–प्रतिशत मुस्लिम) को मौत के घाट उतार दिया है। अकेले वर्ष 2010–18 में सुन्नी मुस्लिम मजहबी कारणों से लगभग 5,000 शिया मुसलमानों की हत्या कर चुके है। कई अन्य इस्लामी देश भी इसी प्रकार के दीनी संघर्ष से दो–चार है।

वास्तव में, यह दोहरे मापदंड की चरमसीमा है। जब दुनिया (भारत) में आतंकवादी द्वारा इस्लाम के नाम पर गैर–मुस्लिमों के साथ अन्य मुसलमानों की हत्या की जाती है, तब इसपर या तो चुप्पी मिलती है या निंदनीय कहकर औपचारिकता पूरी की जाती है या फिर इसे कुतर्कों से न्यायोचित ठहराने का प्रयास किया जाता है। परंतु जब इसका पीड़ित (किसी देश सहित) द्वारा प्रतिकार किया जाता है, तब इसे 'दमन' या 'इस्लामोफोबिया' की संज्ञा दे दी जाती है। इजराइल–हमास युद्ध पर विकृत नैरेटिव– इसका हालिया उदाहरण है।

# विपक्ष की सभी पार्टियों के नेताओं पर तलवार


लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई। विपक्ष की सभी पार्टियों के नेताओं पर तलवार लटकी है। विपक्ष की कोई पार्टी नहीं बची है, जिसके नेता या नेताओं के परिजनों को समन नहीं जा रहा है या पूछताछ नहीं हो रही है या उसके यहां छापा नहीं पड़ रहा है। छोटे से लेकर बड़े नेता तक केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में उलझे हैं। चुनाव की घोषणा एक–डेढ़ महीने में होने वाली है और उससे पहले सभी पार्टियों के नेता कानूनी कार्रवाई में लगे हैं। कांग्रेस के लिए बड़े महत्व का काम करने वाले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंदर सिंह हुड्डा से ईडी ने जमीन से जुड़े एक मामले में पूछताछ की है। राजस्थान में कांग्रेस के बड़े नेता और पिछली सरकार में मंत्री रहे महेश जोशी के यहां जल जीवन मिशन में कथित घोटाले को लेकर ईडी ने छापा मारा है। इसी तरह पंजाब में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे साधु सिंह धर्मसोत को एक कथित घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम महादेव बेटिंग ऐप घोटाले में शामिल कर दिया गया है। कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी पर भी शिकंजा कसा है। उसके दो बड़े नेता– मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में बंद हैं। शराब नीति में हुए कथित घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चार समन मिल चुके हैं। केजरीवाल चौथे समन पर भी हाजिर नहीं हुए हैं। अब उनको पांचवां समन जारी होगा। उधर झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 20 जनवरी को ईडी की पूछताछ होनी है। उनको आठ समन भेजे गए थे तब जाकर पूछताछ का समय तय हुआ है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे के करीबी रहे एक व्यक्ति को कोरोना के समय हुए कथित खिचड़ी घोटाले में गिरफ्तार कर लिया गया है। के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को भी दिल्ली की शराब नीति में हुए कथित घोटाले में समन जारी हुआ था। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पिछले समन पर ईडी के सामने हाजिर नहीं हुए थे। उनको फिर कभी भी समन जारी हो सकता है। जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के मामले में लालू प्रसाद के परिवार के पांच सदस्य आरोपी बनाए जा चुके है।

# 22 जनवरी का दिन हमारी सभ्यता के इतिहास में दिव्यता के साथ साक्षात्कार के रूप में परिभाषित रहेगा

नई दिल्ली,उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि 22 जनवरी का यह दिन हमारी सभ्यता के इतिहास में दिव्यता के साथ साक्षात्कार के क्षण के रूप में परिभाषित रहेगा।

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को देश के गौरव के प्रति राष्ट्र की असीम जागृत चेतना का द्योतक बताते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने 11 दिवसीय कठिन अनुष्ठान और अपने संकल्प को सफलतापूर्वक सिद्ध करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन भी किया।उपराष्ट्रपति ने कहा, आज श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की ऐतिहासिक नगरी में आयोजित, युगांतरकारी भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं ! हर्ष और उल्लास से सराबोर यह अवसर देश के गौरव के प्रति राष्ट्र की असीम जागृत चेतना का द्योतक है।

उपराष्ट्रपति ने आगे कहा, आज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अपने 11 दिवसीय कठिन अनुष्ठान को साधु संतों, यजमानों के मार्गदर्शन में अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संस्कार के साथ संपन्न करेंगे। अपने संकल्प को सफलतापूर्वक सिद्ध करने पर, प्रधानमंत्री का कोटिशः अभिनंदन !रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को भारतीय सभ्यता में इतिहास का महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए धनखड़ ने यह भी कहा, 22 जनवरी का यह दिन, हमारी सभ्यता के इतिहास में दिव्यता के साथ साक्षात्कार के क्षण के रूप में परिभाषित रहेगा। आज के दिन प्रभु श्री राम के क्षमा, सत्यनिष्ठा, पराक्रम, शालीनता, दया और करुणा जैसे सद्गुणों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें जिससे हमारे चतुर्दिक शांति, सौहार्द, शुचिता, शुभता और विद्वत्ता का प्रकाश फैले।

# राम मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा से देशवासियों के हृदय में बसे पीएम– मेनका

सुल्तानपुर ,अयोध्या धाम में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ 80 किमी.दूर कुश की बसाई नगरी कुशभवनपुर खुशी और भक्ति के माहौल में सराबोर रही। गांव–गांव गली–गली में एक साथ कीर्तन व संकीर्तन हुए, मंदिरों में उत्सव का माहौल रहा। त्रेता युग में लंका से वापसी बाद अयोध्या से पहले जहां प्रभु श्रीराम ने स्नान किया, रात्रि निवास किया उस कुश की नगरी में रामायणकालीन स्थलों में शामिल तीर्थराज धोपाप, सीताकुंड, विजेथुआ महावीरन सहित विभिन्न स्थलों पर राममय माहौल दिखाई दिया।जिले के लंभुआ क्षेत्र में स्थित तीर्थराज धोपाप में सांसद मेनका संजय गांधी ने राम दरबार मन्दिर पर पूजा– अर्चना की।इसके बाद स्वरोजगार से जुड़े धोपाप ब्रांड का उद्घाटन किया।तत्पश्चात सडक़, स्ट्रीट लाइट,सीसीटीवी कैमरा, आरओ वाटर सिस्टम समेत मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए लाखों रुपए की परियोजना का लोकार्पण किया। प्रातःकाल मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ। यहां पर श्रीमती गांधी ने अयोध्या में हो रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट एलईडी के माध्यम से देखा।इस अवसर पर बांदा



से आए रमेश पाल की टीम द्वारा लोकनृत्य दिवारी की मनमोहक प्रस्तुति, ब्रज के कलाकारों द्वारा फूलों की होली प्रयागराज से आए मनोज गुप्ता की टीम द्वारा भजन–कीर्तन और काशी के कलाकारों द्वारा तांडव नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र की जड़ें आदिम काल से, मुरिया दरबार में हुई जीवंत

नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ में आदिम काल से लोकतंत्र की जड़ें विद्यमान हैं, इसका जीवंत उदाहरण मुरिया दरबार में देखने को मिलता है। भारत लोकतंत्र की जननी थीम पर बनी छत्तीसगढ़ की झांकी ने राष्ट्रीय मीडिया को खासा आकर्षित किया है। गणतंत्र दिवस पर कर्तव्यपथ पर निकलने वाली राज्यों की झांकियों का आज नई दिल्ली की राष्ट्रीय रंगशाला में प्रेस प्रीव्यू आयोजित किया गया।जहां 'बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार' विषय पर बनी राज्य की झांकी को राष्ट्रीय मीडिया की काफी सराहना मिली। इस दौरान झांकी के समक्ष छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने परब नृत्य का प्रदर्शन किया। वहीं, मांदर की थाप के साथ बांसुरी की मधुर तान ने सबका मनमोह लिया। यह झांकी छत्तीसगढ़ के बस्तर में आदिम काल से उपस्थित लोकतांत्रिक व्यवस्था को दिखाती है। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के समारोह में शामिल मुरिया दरबार की परंपरा आजादी के 75 साल बाद भी जारी है, जहां जनप्रतिनिधि व आमजन शामिल होकर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हैं। रियासत काल में जहां इसमें राजा शामिल होता था, वहीं अब मुख्यमंत्री भी शामिल होते हैं। झांकी के अलग–अलग हिस्सों में दिखी आदिम संस्कृति की झलक मुरिया दरबार में बस्तर में आदिम काल से लेकर अब तक हुए सांस्कृतिक विकास की झलक भी दिखाई पड़ रही है। झांकी के सामने के हिस्से में बस्तर के आदिम काल से स्त्री प्रधान जनजातीय समाज को दिखाया गया है। अपनी पारंपरिक वेशभूषा में एक स्त्री को अपनी बात रखते हुये दर्शाया गया है। युवती की पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से बस्तर के रहन–सहन, सौंदर्यबोध और सुसंकारित पहनावे को दर्शाया गया है। मध्य भाग में बस्तर की आदिम जनसंसद को दर्शाया गया है, जिसे मुरिया दरबार के नाम से जाना जाता है। 600 से अधिक वर्षों से यह परंपरा विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे का हिस्सा है। लेकिन इसकी शुरुआत के प्रमाण आदिम काल के मिलते हैं। झांकी के पीछे के हिस्से में बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर में स्थित लिमऊराजा नाम के स्थान को दर्शाया गया है। लोककथाओं के मुताबिक आदि काल में जब कोई राजा नहीं था, तब जनजातीय समाज एक नीबू को पत्थर के प्राकृतिक सिंहासन पर रखकर आपस में ही निर्णय ले लिया करता था। इसी परंपरा को बाद में मुरिया दरबार के रूप में विस्तार पाया। झांकी की सजावट जनजातीय समाज की शिल्प–परंपरा के बेलमेटल और टेरकोटा शिल्पों से की गयी है। बेलमेटल शिल्प का नंदी सामाजिक आत्मविश्वास और सांस्कृतिक सौंदर्य का प्रतीक है। टेरकोटा शिल्प का हाथी लोक की सत्ता का प्रतीक है।

# दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6.1, हवा की गुणवत्ता बेहद खराब

नई दिल्ली,भारत मौसम विज्ञान (आईएमडी) विभाग ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से एक डिग्री कम है।

आईएमडी के पूर्वानुमान से पता चला है कि अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम 6 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा और दोपहर या शाम तक आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार, जम्मू संभाग, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, झारखंड और तटीय आंध्र प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में हल्का कोहरा छाया रहा।

दृश्यता भारतीय समयानुसार सुबह 5.30 बजे पंजाब के पटियाला में 50 मीटर, हरियाणा के अंबाला में 200 मीटर; चंडीगढ़ और हिसार में 500 मीटर, दिल्ली के पालम और सफदरजंग में 500 मीटर, वाराणसी में 25 मीटर, प्रयागराज में 50 मीटर, बरेली, बहराईच और गोरखपुर में 500 मीटर थी।



आईएमडी ने एक्स पर पोस्ट किया, विजिबिलिटी पटियाला में 50, हरियाणा के अंबाला में 200, चंडीगढ़ और हिसार में 500, दिल्ली के पालम और सफदरजंग में 500, यूपी के वाराणसी में 25, प्रयागराज में 50, बरेली, बहराइच और गोरखपुर में 500 दर्ज की गई।इसमें आगे कहा गया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के अलग–अलग हिस्सों में, पंजाब और त्रिपुरा के अलग–अलग हिस्सों में घना कोहरा देखा गया, वहीं हरियाणा–चंडीगढ़, पश्चिम राजस्थान और पश्चिम बंगाल के अलग–अलग हिस्सों में मध्यम कोहरा देखा गया।

इस बीच, शहर भर के कई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है।

### जय श्रीराम बोलने पर छात्र की पिटाई, शिक्षक व स्कूल डायरेक्टर गिरफ्तार

शहडोल ,मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में एक छात्र के जय श्रीराम के नारे लगाने पर शिक्षक द्वारा पिटाई कर दी गई । इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शिक्षक और स्कूल के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला बुढार थाना क्षेत्र का है।

यहां के एक निजी स्कूलों में शनिवार को सातवीं कक्षा में पढने वाले छात्र नितिन ने शिक्षक की अनुपस्थिति में जय श्रीराम के नारे लगाए। ये नारे कक्षा के बाहर खड़े शिक्षक ने सुन लिए। आरोप है कि उसने डांटा और पिटाई भी कर दी।छात्र नितिन और उसके परिजनों का आरोप है कि छात्र की ओर से शिक्षक अब्दुल वाहिद की स्कूल डायरेक्टर शरीफ नियाजी से शिकायत की गई, जिस पर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय छात्र को उन्होंने डांटा और स्कूल से जाने को कह दिया। इससे नाराज परिजन थाने पहुंच गए। उसके बाद स्थानीय लोगों तथा हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने नारेबाजी करते हुए शिक्षक और स्कूल डायरेक्टर की गिरफ्तारी की मांग की।

### कार की भीषण टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत

अनूपपुर , जिले के एनएच 43 अनूपपुर में दो सगे भाई भीषण सडक़ दुर्घटना की शिकार हुए हैं। जिसमें दोनों भाई सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे और मॉर्निंग वॉक से वापस घर लौट रहे थे तभी एक तेज रफ्तार आर्टिका कार ने दोनों भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के भाइयो के शव को पीएम के लिए भेजा है और मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुटी है। दरअसल अनूपपुर के फंगा चौकी के अंतर्गत अनूपपुर से कोतमा एनएच 43 के तैयारी बस स्टैंड में सुबह–सुबह भीषण सडक़ हादसा हुआ है जिसमें दो सगे भाइयों की मौत हो गई मिली जानकारी के मुताबिक दोनों भाई सुबह–सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे लेकिन जैसे ही वह वापस घर लौट रहे थे तभी एक अर्टिगा कर क्रमांक ने दोनों भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी ।

# आतंकवाद एवं वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं में हिंसा में 75 प्रतिशत की कमी : अमित शाह

रायपुर । गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू–कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद की घटनाओं में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है और इनमें हिंसा में लगभग 75 प्रतिशत की कमी आई है।श्री शाह ने छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की समीक्षा बैठक में कल देर शाम यहां कहा कि तीन आंतरिक सुरक्षा स्थितियों जम्मू–कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद–में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है और इनमें हिंसा में लगभग 75 प्रतिशत की कमी आई है।

इनके प्रभाव वाले भौगोलिक क्षेत्र में भी लगभग 80 प्रतिशत तक की कमी आई है।उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम अब उत्तर पूर्व के लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्रों से हटा लिया गया है। वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में हुई प्रगति की सराहना करते हुए उन्होने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित भौगोलिक क्षेत्रों और हिंसा दोनों में उल्लेखनीय कमी आई है।इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, आसूचना ब्यूरो (आईबी) के निदेशक और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक सहित कई अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया।शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों और सभी केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों के कारण वामपंथी उग्रवाद की समस्या अनिवार्य रूप से अब छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तक ही सीमित है। उन्होंने सुरक्षा बलों को इन क्षेत्रों को अगले तीन वर्षों के भीतर माओवादी खतरे से मुक्त करने का लक्ष्य दिया।उन्होने वामपंथी उग्रवाद को बनाए रखने में सहायक पूरे तंत्र को टारगेट करने को लेकर सभी संबंधित हितधारकों द्वारा एक विस्तृत रोडमैप तैयार करने का भी निर्देश दिया।उन्होने राज्य पुलिस को शेष सुरक्षा कमियों को दूर करने, व्यापक जांच सुनिश्चित करने, अभियोजन की बारीकी से निगरानी करने, फंडिंग के रास्तों को बंद करने और खुफिया नेतृत्व वाले ऑपरेशन जारी रखने के निर्देश दिए।उन्होंने मल्टी–एजेंसी सेंटर के माध्यम से साझा किए गए सभी इनपुट की समीक्षा करने और सत्यापित इनपुट को संचालित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।गृह मंत्री ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पूरी तरह से क्रियान्वित करने पर बल दिया ।

# प्राण प्रतिष्ठा पर धार्मिक कार्यक्रम की अनुमति न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को लगाई फटकार

नई दिल्ली,सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हिंदू निवासियों की कम संख्या के आधार पर अन्नदानम (विशेष भिक्षा) आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार करने पर फटकार लगाई। गाँव में मुख्य रूप से ईसाई निवास करते हैं।न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी से कहा, हम यह स्पष्ट कर रहे हैं कि आप (राज्य सरकार) इस कारण से घटनाओं को अस्वीकार



न करें। हां, अगर कानून–व्यवस्था की स्थिति हो तो आप नियमन कर सकते हैं। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम अनुमति न दिए जाने का कारण जानना चाहते हैं। यदि यही कारण बताया जाएगा, तो आप समस्या में पड़ जाएंगे।पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि द्रमुक के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने पूरे तमिलनाडु के सभी मंदिरों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है और सभी प्रकार की पूजा, अर्चना, इस अवसर पर अन्नदानम (गरीब भोजन) और भजन पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।याचिका में डिंडीगुल जिले के पुलिस उपाधीक्षक द्वारा 20 जनवरी को पारित एक आदेश संलग्न किया गया है, जिसमें श्री भगवतीअम्मन मंदिर को अन्य बातों के साथ–साथ इस आधार पर विशेष भिक्षाटन (अन्नदानम) आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था कि ए. वेल्लोडु गांव का क्षेत्र मुख्य रूप से ईसाइयों द्वारा बसा हुआ है और हिंदू निवासियों की कम संख्या के कारण, सार्वजनिक शांति और नैतिकता से संबंधित सांस्कृतिक संवेदनशीलता या कानूनी जटिलताओं का सामना करने की संभावना है।

# अंडर19 विश्व कप 2024 : श्रीलंका, न्यूजीलैंड ने जीत के साथ खाता खोला




जोहान्सबर्ग, श्रीलंका ने खराब शुरुआत के बाद जीत के लिए संघर्ष किया, जबकि न्यूजीलैंड रविवार को दक्षिण अफ्रीका के विभिन्न स्थानों पर अंडर–19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 की कार्रवाई के तीसरे दिन नेपाल के खिलाफ आसानी से विजेता बन गया।

किम्बर्ली ओवल में श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को 39 रन (डीएलएस विधि) से हराया। जिम्बाब्वे की पारी की शुरुआत में तूफानी गेंदबाजी के बाद श्रीलंका मुश्किल में पड़ गया, लेकिन दिनुरा कालूपहाना के अर्धशतक ने उन्हें 200 के पार पहुंचाने में मदद की। अनुशासित और सटीक गेंदबाजी प्रदर्शन ने उन्हें जिम्बाब्वे पर जीत दिलाने में मदद की। पूर्वी लंदन में स्नेहिथ रेड्डी के ठोस शतक के दम पर न्यूजीलैंड यू19 पुरुष सीडब्ल्यूसी 2024 में 300 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। प्रतिभा की चिंगारी के बावजूद नेपाल का बल्लेबाजी प्रयास ब्लैक कैप्स से मेल नहीं खा सका। वे अंततः बफ़ेलो पार्क में पर्याप्त अंतर से हार गए।

जिम्बाब्वे के कप्तान मैथ्यू शॉनकेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और शुरुआती तेज गेंदबाज कोहल एक्स्टीन और अनेसु कामुरिवो ने अपने शुरुआती स्पैल में आक्रमक प्रदर्शन करते हुए पहले पांच ओवरों में श्रीलंका के तीन विकेट ले लिए। श्रीलंका के कप्तान सिनेथ जयवर्धने की महत्वपूर्ण भूमिका थी, जिन्होंने प्रभावशाली एकस्टीन की सीमिंग डिलीवरी को बढ़त दी।

इसके बाद रवीशन डी सिल्वा और रुसांडा गमागे ने कठिन विकेट पर पारी को फिर से बनाने की तैयारी की, जिसमें शेवरॉन ने कड़ी गेंदबाजी और तेज क्षेत्ररक्षण के साथ कार्यवाही पर नियंत्रण स्थापित किया।

आखिरकार इस जोड़ी पर दबाव आ गया और 52 रन की साझेदारी आखिरकार 26वें ओवर में टूट गई जब पनाशे तारुविंगा ने गमागे का मिडिल स्टंप उखाड़ दिया। रविनशान जल्द ही आउट हो गए और श्रीलंका एक बार फिर बैकफुट पर आ गया।

इसके बाद दिनुरा कलपुहाना और शारुजन शनमुगनाथन ने कुछ आक्रमक क्रिकेट से गति बढ़ा दी। कलपुहाना (55 में से 60) ने दो छक्कों सहित आठ चौके लगाए, जिससे श्रीलंका को वापसी करने में मदद मिली, इससे पहले कि वह डीप में कैच की पेशकश करने वाले शॉनकेन के पास गिर गए। शनमुगनाथन के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, श्रीलंका की ओर से आखिरी धक्का रुका और टीम 204 रन पर आउट हो गई। युवा शेवरॉन को अपनी बल्लेबाजी पारी की शुरुआत में उन्हीं कठिनाइयों का सामना करना पड़ा क्योंकि श्रीलंका के स्पिनर जल्दी ही एक्शन में आ गए थे। विश्व लाहिरू चुस्त और प्रभावी थे, उन्होंने अपने चार ओवरों में केवल तीन रन दिए, साथ ही शुरुआती सफलता भी दिलाई।

## चोट के कारण एहेन मुनोज ला लीगा के पूरे सीजन से बाहर

मैड्रिड, ला लीगा में रियल सोसिएदाद को शेष सत्र में लेफ्ट–बैक ऐहेन मुनोज़ के बिना मैदान में उतरना होगा। क्लब ने पुष्टि की है कि शनिवार रात को सेल्टा विगो के खिलाफ 1–0 की जीत में उनका क्रूसिएट लिगामेंट फट गया था, जिसके कारण उन्हें बीच मैच में ही बाहर होना पड़ा।

मैच के 39वें मिनट में डिफेंडर को मैदान छोड़ना पड़ा और रविवार को किए गए जांच से पुष्टि हुई कि वह कम से कम अगस्त तक मैदान से बाहर रहेंगे।

क्लब ने बयान में कहा, एहेन मुनोज़ की जांच के बाद पता चला है कि उनके बाएं घुटने में आगे का क्रूसिएट लिगामेंट फट गया है। उनकी अगले कुछ दिनों में सर्जरी होगी।

अब किरन टियरनी रियल सोसिएदाद टीम में एकमात्र उपलब्ध लेफ्ट–बैक रह गए हैं, जो कोपा डेल रे और यूईएफए चैंपियंस लीग के साथ–साथ ला लीगा में भी शामिल है।

रियल सोसिएदा एशियाई और अफ्रीकी कप में टेकफुसा कुबो और हेमारी ट्राओरे के बिना खेल रहा है। जबकि कालीस फर्नांडीज, अल्वारो ओड्रियोज़ोला, एंडर बैरेनेटेक्सिया और मार्टिन भी कोपा डेल रे क्वार्टर फाइनल के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

## हांगकांग मैराथन में अफ़्रीकी धावकों के दबदबे से केन्या के एंडरसन सेरोई ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता




हांगकांग, केन्या के एंडरसन सेरोई ने यहां रविवार को 2024 हांगकांग मैराथन में लगभग 74,000 धावकों के साथ अफ्रीकी एथलीटों के मंच पर दबदबा बनाए रखने के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

मैराथन, हाफ मैराथन और 10 किमी दौड़ की विशेषता वाला वार्षिक कार्यक्रम रविवार सुबह शुरू हुआ, क्योंकि मौसम की स्थिति एथलीटों के प्रदर्शन के लिए अपेक्षाकृत उपयुक्त थी।

रिपोर्ट के अनुसार, केन्या के एंडरसन सेरोई ने दो घंटे, 12 मिनट और 50 सेकंड का समय लेकर पुरुष मैराथन जीती, उसके बाद दक्षिण अफ्रीका और इथियोपिया के धावक रहे।महिला वर्ग में अफ्रीकी धावकों ने भी पोडियम पर कब्ज़ा जमाया, इथियोपिया की मेडिना आर्मिनो ने 2:28:47 में जीत हासिल की। उनकी हमवतन गैडिसे मुलू 2:29:46 का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि केन्या की बीट्राइस चेप्टू 2:29:30 का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं।

इस बीच, एक 30 वर्षीय प्रतियोगी पूर्ण मैराथन खंड में प्रतिस्पर्धा हार गया। हांगकांग मैराथन में भाग लेने के बाद प्रतिभागी चेउंग (30 वर्ष) की मृत्यु हो गई।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलेंगे उस्मान ख्वाजा

ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में 25 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलने की मंजूरी दे दी गई है।एडिलेड में श्रृंखला के शुरुआती मैच में चोट लगने के बाद उन्होंने सभी प्रोटोकॉल को पूरा कर लिया है।

एडिलेड ओवल में जहां ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराया। उस्मान ख्वाजा को डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज शमर जोसेफ की एक शॉर्ट गेंद हेलमेट पर लगी और उन्हें जीत के लिए आवश्यक एक रन के साथ रिटायर हर्ट होना पड़ा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एक बयान में कहा गया, उस्मान ख्वाजा को ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलने के लिए मंजूरी दे दी गई है।

ब्रिस्बेन में डे–नाइट टेस्ट के लिए ख्वाजा की उपलब्धता को मंजूरी मिलने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग–11 में बिना किसी बदलाव के साथ मैदान में उतर सकती है।

अगर हीट बुधवार को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ होने वाले बीबीएल फाइनल में पहुंचती है, तो रेनशॉ खिताबी मुकाबले में शामिल हो सकते हैं, जो ब्रिस्बेन टेस्ट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले शुरू होगा।



ब्रिस्बेन में जीत से ऑस्ट्रेलिया का अंतरराष्ट्रीय घरेलू समर में जीत का रिकॉर्ड 5–0 हो जाएगा, इससे पहले उसने पाकिस्तान को 3–0 से हराया था।

ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क

## आज का दिन भारतीय क्रिकेट के लिए होगा स्पेशल

नई दिल्ली। बीसीसीआई भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री को बीसीसीआई के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से, जबकि शुभमन गिल को क्रिकेटर आफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित करेगा। बीसीसीआई अवार्ड मंगलवार को प्रदान किए जाएंगे। इसका आयोजन 2019 के बाद पहली बार किया जाएगा। कार्यक्रम में भारत और इंग्लैंड की टीमें उपस्थित रहेंगी।

दरअसल, टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल को पिछले 12 महीने में शानदार प्रदर्शन के लिए साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार कल यानी 23 जनवरी को दिया जाएगा। बता दें कि गिल वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज दो हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने पूरे साल में 5 शतक जमाए।







वहीं, भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री दो बार राष्ट्रीय टीम के कोच रहे। वह 2014 से 2016 तक टीम निदेशक के रूप में राष्ट्रीय टीम से जुड़े और फिर विराट कोहली की कप्तानी में 2017 से 2021 में टी20 विश्व कप तक मुख्य कोच की भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में भारत ने आस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट सीरीज जीतीं और भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा।

इसके अलावा उनके कोच रहते भारत 2019 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में भी पहुंचा था। गिल को 12 महीने में शानदार प्रदर्शन करने के लिए साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार दिया जाएगा। इन 12 महीनों के दौरान वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज दो हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बने और इस प्रारूप में पांच शतक लगाए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com